Bharat Heavy Electricals Limited

यूनिटः तिरुच्चिराप्पल्लि

उपकरण की आवश्यकता

बीएचईएल तिरुच्चिराप्पल्लि को **हैंड हेल्ड विद्युत चालित ट्यूब एंड बेवेल्लिंग उपकरण–एंगुलर टाइप (Hand Held Electrically Operated Tube End Bevelling Equipment – Angular Type)** की आवश्यकता है। जिसके लिए टेंडर दस्तावेज एवं पूर्ण विवरण बीएचईएल वेबसाइट **http://www.bhel.com** (टेंडर अधिसूचना पेज) या सरकारी निविदा वेबसाइट **http://tenders.gov.in** (पब्लिक सेक्टर यूनिट>भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पेज) पर संदर्भ संख्या **NIT_29798** या **https://bheleps.buyjunction.in** पर संदर्भ संख्या **2631600081** से डाउनलोड किया जा सकता है।

टेंडर हेतु सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/समयावधि विस्तार/स्पष्टीकरण आदि केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे और अन्य किसी भी माध्यम द्वारा प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। बोलीदाता स्वयं को अपडेट करने हेतु नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइट देखें।

DGM / MM / CE, BHEL, Tiruchirappalli - 620 014.
Ph.: **+91-431-257 7653 / 7830**; email: **skaruna@bheltry.co.in**

PUBLIC NOTICE

Atria Energy Services Pvt. Ltd.

1st Floor, No-11, Commissariat Road, Bangalore 560025

Notice under sub-section (2) of Section 15 of the Electricity Act, 2003

1. The person above-named, a company incorporated under the Companies Act, 2013 has made an application under sub-section (1) of Section 15 of the Electricity Act, 2003 for grant of Category IV license for inter State trading in electricity in Pan India before the Central Electricity Regulatory Commission, New Delhi. The necessary details in respect of the applicant are given hereunder:

i) Authorized, issued, subscribed and paid-up capital.

a.	Authorized Share Capital	Rs.150,00,000/-
b.	Issued Share Capital	Rs.100,000/-
c.	Subscribed & Paid-up share capital	Rs.100,000/-

ii) Shareholding Pattern

Name of the Shareholder	Citizenship	Residential Status	No. of Shares	% of Holding
Chinnaswamy Sunder Raju	Indian	Resident	500	50%
Kupparaju Nagaraju	Indian	Resident	500	50%

iii) Financial and technical strength- **Mr. D. V. Kishore, Finance Head** is a Sr. Management professional with experience of over 19 years in Renewable Energy, IT and Telecom in the areas of PE and Debt raising, Strategy, Risk Management, accounting, audit, reporting, MIS, commercial and corporate finance, business management, treasury, budgeting, FP&A

iv) Management profile of the applicant including details of past experience of the applicant and/or the persons on the management of the applicant in generation, transmission, distribution and trading of electricity or similar activity. **Mr. K. Nagaraju, Director**, sets the direction for management committee, plays a pivotal role in creating the vibrant culture, and leads the thinking on what Electricity can offer to the society through Atria's vision. Other than power, his endeavors under the Atria Group include ventures in Hospitality, Real Estate, and Information Technology. **Mr. Amit Kumar, HOD [B.E & M.B.A (Power), NPTI, Faridabad]** is a seasoned professional with solid experience in Power Trading & Renewable Energy with over 13yrs of business analyst & techno-commercial experience of working across domains, with different stakeholders in SAARC Electricity markets.

v) Volume of electricity intended to be traded during the fast year after grant of licence and future plans of the applicant to expand volume of trading.- **As allowable under category IV**.

vi) Geographical areas within which the applicant will undertake trading in electricity; - **Pan India**

vii) Net worth as on 31st March of three consecutive years, immediately preceding the year of application or for such lesser period as may be applicable and on the date of the special balance sheet accompanying the application:- **Rs, 1,65,16,842/-.**

viii) Year-wise current ratio and liquidity ratio of the applicant for three years preceding the year in which the application is made. or for such lesser period as may be applicable and on the date of the special balance sheet accompanying the application; - **1:0**

ix) (a) A statement whether the applicant is authorized to undertake trading in electricity under the Memorandum of Association or any other document.- **Yes**
(b) If so, reproduce the specific provision of Memorandum of Association or any other document so authorizing trading in electricity.- **"To establish and carry on the businesses of generators, suppliers, processors, accumulators, distributors, transmitters, traders, converters of and dealer in, and the sale and purchase of electricity and electrical energy in any form"**

x) Details of cases, if any, where the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been declared insolvent and has not been discharged.- **None**

xi) Details of the cases, if any, in which the applicant or any of his associates or partners or promoters or Directors has been convicted of an offence involving moral turpitude, fraud or any economic offence during the previous three years preceding the year of making the application and the year of making of applicant and the date of release of the above person from implisonment, if any, consequent to such conviction- **None**

xii) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever refused licence, and if so, the detailed particular of the application, date of making application, date of order refusing licence and reasons for such refusal.- **None**

xiii) Whether the applicant has been granted a licence for transmission of electricity.- **No**

xiv) Whether an order canceling the licence of the applicant, or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been passed by the Commission.-**None**

xv) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever found guilty in any proceedings for contravention non-compliance of any of the provisions of the Act or the rules or the regulations made thereunder or an order made by the Appropriate Commission, during the year of making the application or five years immediately preceding that year?- **No**

2. The application made and other documents filed before the Commission are available for inspection by any person with **Mr. Amit Kumar, Chief Marketing Officer, 1st Floor, No-11, Commissariat Road, Bangalore 560025, Phone: 080-49411499, Email: amit.kumar@atriapower.com**

3. The application made and other documents filed before the Commission have been posted on **www.atriapower.com**

4. Objections or suggestions, if any, on the application made before the Commission may be sent to the **Secretary, Central Electricity Regulatory Commission, 3rd & 4th Floor, Chanderlok Building, 36, Janpath, New Delhi-110001, Ph:+91-11-23353503, Fax:+91-11-23753923** (Give the address where office of the Commission is situated) within 30 days of publication of this notice, with a copy to the applicant.

5. No objections or suggestions shall be considered by the Commission, if received after expiry 30 days of publication of this notice.

Place: Bangalore
Date: 26th October, 2016

Amit Kumar, Chief Marketing Officer
(Authorised Signatory)

गांवों को सड़क से जोड़ने की राह में रोड़े

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 25 अक्टूबर

देश की 65,000 रिहाइशों को सभी मौसम में चलने योग्य ग्रामीण सड़कों से 2019 तक जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए भाजपा शासित असम, छत्तीसगढ़, झारखंड और राजस्थान सहित 9 राज्यों में निर्माण कार्यों को बहुत तेज करना होगा। इन राज्यों के साथ बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में इन 65,000 बस्तियों की 80 प्रतिशत से ज्यादा बस्तियां आती हैं।

अधिकारियों ने कहा कि इन 9 राज्यों को समय से लक्ष्य पूरा करने के लिए निर्माण कार्य अन्य राज्यों की तुलना में बहुत तेज करना होगा। अधिकारी ने कहा कि असम में अब प्रतिदिन करीब 2.23 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो रहा है, जबकि लक्ष्य हासिल करने के लिए रफ्तार बढ़ाकर 22 किलोमीटर प्रतिदिन करना होगा। इसी तरह से झारखंड को ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की रफ्तार पांच गुना बढ़ानी होगी, जबकि जम्मू कश्मीर में मौजूदा रफ्तार के 6 गुना रफ्तार से काम करना होगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'हम धीमी रफ्तार से काम कर रहे राज्यों के साथ लगातार बात कर रहे हैं और उन्हें रफ्तार तेज करने के लिए प्रोस्ताहित कर रहे हैं। हम 1 नवंबर से संपत्तियों के जियो टैगिंग के माध्यम से उनके कार्यों की निगरानी करेंगे और उम्मीद करते हैं कि आने वाले वर्षों में स्थिति में सुधार होगी।' उन्होंने कहा कि शेष सभी रिहायशों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट दिसंबर 2016 कर पूरी कर ली जाएगी। सभी राज्यों को निर्देश दिया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस्तेमाल की जाने वाली कम से कम 15 प्रतिशत सामग्री हरित तकनीक जैसे सीमेंट, कंक्रीट ब्लॉक्स फ्रलाई ऐश, प्लास्टिक कचरा आदि के इस्तेमाल के माध्यम से हो।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के माध्मय से ग्रामीण सड़क निर्माण योजना में पिछले 2 साल में भारी सुधार देखी जा रही है और 2016-17 में 48,818 किलोमीटर के लक्ष्य से ज्यादा सड़कों के निर्माण की उम्मीद है।

अधिकारियों ने कहा कि इस वित्त वर्ष में करीब 50,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें से करीब 23,45 किलोमीटर (लक्ष्य का करीब 48 प्रतिशत) सड़कों का निर्माण हो चुका है।

मंत्रालय को उम्मीद है कि ग्रामीण सड़कों के निर्माण की रफ्तार 2018-19 में 170 किलोमीटर प्रतिदिन हो जाएगी, जो इस समय औसत 133 किलोमीटर प्रतिदिन है। अगले 3 साल में नरेंद्र मोदी सरकार ने पीएमजीएसवाई के तहत करीब 81,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है, जिसमें से केंद्र सरकार की हिस्सेदारी करीब 57,000 करोड़ रुपये होगी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पूर्ववर्ती राजग सरकार के कार्यकाल में 2000 में शुरू की गई थी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए प्रमुख योजना थी। योजना शुरू होने के बाद पिछले 16 साल में करीब 4,80,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है।

ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

कुल निर्माण

400,000 किमी	80,000 किमी
2000-2014	2014-2016

कुल हरित निर्माण

800 किमी	2,600 किमी
2000-2014	2014-2016

सड़क निर्माण की संभावित गति
170 किमी/प्रतिदिन 2018-19

अगले 3 साल में कुल खर्च
81,000 करोड़ रुपये 2016-19

निगमित कर में कटौती पर विचार

दिलाशा सेठ और अरूप रॉयचौधरी
नई दिल्ली, 25 अक्टूबर

वित्त मंत्रालय निगमित कर में 1 से 2 प्रतिशत अंक कटौती की संभावना पर विचार कर रहा है। राजस्व विभाग नवंबर के पहले सप्ताह से उद्योग जगत व सलाहकारों से चर्चा शुरू करने जा रहा है। यह कवायद निगमित कर वित्त वर्ष 2018-19 तक मौजूदा 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत तक किए जाने का हिस्सा है।

इस मामले से जुड़े एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार अगले वित्त वर्ष से निगमित कर 30 प्रतिशत से 1 से 2 प्रतिशत कम करने पर विचार कर रही है, जो चरणबद्ध तरीके से छूट खत्म किए जाने के आधार पर होगा।

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2015-16 में वादा किया था कि निगमित कर की दरें 2019 तक घटाकर 25 प्रतिशत की जाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न छूटों को चरणबद्ध तरीके से खत्म किए जाने की बात कही थी, जो उद्योग जगत को मिलता है। इसमें कर की दरें कम करना, प्रशासन आसान करना और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार किया जाना शामिल है। निगमित कर 30 प्रतिशत है, लेकिन यह प्रभावी रूप से 23 प्रतिशत है, क्योंकि उद्योग जगत को तमाम छूट मिलते हैं।

2016-17 के बजट में 5 करोड़ रुपये तक या इससे कम कारोबार करने वाली कंपनियों के लिए निगमित कर दरें 30 प्रतिशत और अधिभार व उपकर से कम करके 29 प्रतिशत और अधिभार व उपकर कर दी गई थीं। इसके साथ ही 1 मार्च 2016 और उसके बाद से सभी नई विनिर्माण कंपनियों के लिए निगमित कर की दरें घटाकर 25 प्रतिशत करने की घोषणा की गई थी, जिन्हें कोई दावा व छूट नहीं दिया जाना था।

बजट पूर्व चर्चा से जुड़े एक अन्य वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने कहा कि आगामी बजट में निगमित कर 1 से 2 प्रतिशत कम किए जाने को लेकर वित्त मंत्रालय के साथ विचार विमर्श चल रहा है। अधिकारी ने कहा, 'बजट की तिथि नजदीक आने तक चीजें साफ होंगी, लेकिन हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि किस तरह से निगमित कर 2019 तक घटाकर 25 प्रतिशत पर लाया जाए। आगामी बजट में इसी लक्ष्य के मुताबिक कटौती होगी।'

2015-15 में विभिन्न छूटों पर 62,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुए थे। डेलॉयल की नीरू आहूजा ने कहा कि वित्त मंत्री को दो साल पहले किए गए वादे के मुताबिक निश्चित रूप से निगमित कर में कटौती करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम उनसे उम्मीद करते हैं कि इस बार निगमित कर व व्यक्तिगत करों में भी कुछ कटौती होगी।'

राजस्व विभाग की चर्चा अहम होगी, क्योंकि अगले वित्त वर्ष में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), जनरल एंटी एवायडेंस एग्रीमेंट (जीएएआर), पुनरीक्षित दोहरा कराधान परिहार समझौता, बेस इरोजन ऐंड प्रॉफिट शेयरिंग (बीईपीएस) के साथ कुछ अन्य कर सुधार लागू होने हैं।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'नवंबर के पहले सप्ताह से बजट पर चर्चा शुरू हो रही है। उद्योग व व्यक्तिगत कर को आसान बनाने के इर्द गिर्द चर्चा केंद्रित होगी। अगले वित्त वर्ष से कर संबंधी तमाम बदलाव हो रहे हैं, ऐसे में यह चर्चा अहम है।'

बजट 2017-18 से प्रमुख उम्मीदें



- निगमित कर में 1 से 2 प्रतिशत की होगी कमी
- व्यक्तिगत कर की दरें होंगी कम
- इक्वलाइजेशन लेवी या गूगल टैक्स को व्यापक करने की संभावना

जलमार्ग-1 से 4 राज्यों को लाभ

सरकार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जलमार्ग-। पर विकास कार्यों से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी तथा रोजगार सृजित होंगे।

अंतर्देशीय जल परिवहन का विकास पोत परिवहन मंत्रालय का एक बड़ा प्रयास है। जल मार्ग विकास परियोजना का चरण-1 हल्दिया-वाराणसी मार्ग को कवर करेगा। मंत्रालय ने कहा कि परियोजना में जहाज के लिए रास्ता, वाराणसी, हल्दिया और साहेबगंज में मल्टी मॉडल टर्मिनल, नदी नौवहन प्रणाली में मजबूती, डिजिटल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम, रात्रि में नौवहन सुविधा आदि शामिल हैं। *भाषा*

मुलायम ने कहा, एकजुट है पार्टी

बीएस संवाददाता
लखनऊ, 25 अक्टूबर

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी परिवार में मचे घमासान के बीच सुलह का रास्ता निकालने और आपस में तलवार भांज रहे परिजनों को पटरी पर लाने के लिए आज सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव सामने आए।

मुलायम ने प्रेस वार्ता में ऐलान किया कि परिवार और पार्टी एकजुट है और उनमें किसी तरह का मतभेद नहीं है। हालांकि पार्टी मुख्यालय में मुलायम के यह ऐलान करते समय उनके साथ शिवपाल यादव तो मौजूद रहे पर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नदारद थे।

इससे पहले सोमवार रात और आज सुबह मुलायम के आवास पर अखिलेश और शिवपाल के साथ दो दौर में बातचीत हुई और संकट का हल निकालने के प्रयास किए गए। मुलायम की प्रेस वार्ता के दौरान माना जा रहा था कि शिवपाल के साथ अखिलेश भी मौजूद रहेंगे, पर उनकी अनुपस्थिति ने सुलह की कामयाबी पर सवाल जरूर खड़ा कर दिया है।

सपा सुप्रीमो ने साफ किया कि सरकार अखिलेश चलाएंगे जबकि संगठन शिवपाल के हवाले रहेगा। उन्होंने पार्टी महासचिव अमर सिंह पर किसी तरह की कार्रवाई से इन्कार किया जबकि रामगोपाल यादव को दोबारा पार्टी में लेने से भी मना कर दिया। मंत्रिमंडल से बर्खास्त शिवपाल सहित चार मंत्रियों को वापस लेने के सवाल पर मुलायम ने कहा कि वह इसे मुख्यमंत्री पर छोड़ते हैं।

शिवपाल पार्टी चलाएंगे और अखिलेश चलाएंगे सरकार

मुलायम ने कहा कि हमारा परिवार, पार्टी और कार्यकर्ता सब एक है। सब एक होकर 2017 का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने ने कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन जनता के कल्याण के लिए है। गांव-गांव जाकर हर वर्ग से संपर्क साधा है। उन्होंने कहा, 'मैं लोहिया के सिद्धांतों पर चलता रहूंगा। आगे भी जनता के लिए काम करता रहूंगा। कुछ लोग षडयंत्र कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि परिवार के झगड़े में अमर सिंह को नहीं लाना चाहिए। अमर को पार्टी से नहीं निकाला जाएगा।

SHRIRAM TRANSPORT FINANCE COMPANY LIMITED

Corporate Identity No. (CIN): L65191TN1979PLC007874
Regd. Office: Mookambika Complex, 3rd Floor, No. 4, Lady Desika Road, Mylapore, Chennai - 600 004.
Tel No: +91 44 2499 0356, Fax: +91 44 2499 3272,
Website: www.stfc.in, Email Id: secretarial@stfc.in

Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the Quarter and Half year ended September 30, 2016

₹ in lacs

Particulars	Quarter Ended 30.09.2016	Half Year Ended 30.09.2016	Quarter Ended 30.09.2015
Total Income from operations (net)	271,320	539,989	242,353
Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax	38,765	76,175	33,810
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items)	38,765	76,175	33,810
Paid-up equity share capital (face value ₹10/- per share)	22,691	22,691	22,691
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	992,721 (as on March 31, 2016)	992,721 (as on March 31, 2016)	901,106 (as on March 31, 2015)
Earnings per share (before and after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic (₹) Diluted (₹)	17.08 17.08	33.57 33.57	14.90 14.90

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Half yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Half yearly Financial Results are available on the stock exchange websites: www.bseindia.com, www.nseindia.com and company's website: www.stfc.in.

By order of the Board
For Shriram Transport Finance Company Limited
Jasmit Singh Gujral
Managing Director & CEO
DIN: 00196707

Place : Mumbai
Date : October 25, 2016

कैबिनेट कर सकता है केयर्न इंडिया के बाड़मेर विस्तार पर फैसला

शाइन जैकब
नई दिल्ली, 25 अक्टूबर

केयर्न इंडिया और तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के बीच बाड़मेर तेल एवं गैस ब्लॉक से उत्पादन में हिस्सेदारी समझौते (पीएससी) को 10 साल तक विस्तार दिए जाने पर कैबिनेट जल्द फैसला कर सकती है। बाड़मेर परियोजना राजस्थान में है, 2020 तक के लिए इस पर समझौता हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार मंजूरी के लिए 28 नेल्प (नई अन्वेषण लाइसेंस नीति) के पहले के 28 अन्वेषण ब्लॉकों पर विचार करेगी, जिसमें बाड़मेर ब्लॉक भी शामिल है। इस ब्लॉक को राजस्थान ब्लॉक के रूप में भी जाना जाता है, जिनमें मंगला, भाग्यम, ऐश्वर्य और रागेश्वरी तेल एवं गैस क्षेत्र शामिल हैं। यह भारत का सबसे बड़ा ऑनशोर तेल उत्पादन परियोजना है, जहां रोजाना 1,66,000 बैरल के करीब तेल का उत्पादन होता है। यह भारत में होने वाले कुल तेल उत्पादन का 27 प्रतिशत है।

इस साल मार्च में कैबिनेट ने 28 छोटे व मझोले आकार के खोजे गए क्षेत्रों के विस्तार को मंजूरी दी थी। सूत्रों के मुताबिक खोजे गए क्षेत्रों को विस्तार के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाना है, ऐसे में खोजे गए ब्लॉकों के लिए भी कैनिबेट की मंजूरी लेनी होगी। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा, 'इस पर हमने अब तक अंतिम फैसला नहीं किया है। लेकिन संभावना है कि इन 28 ब्लॉकों के विस्तार के मामले को भी कैबिनेट की मंजूरी के लिए रखा जाए। इनमें से 10-11 उत्पादक क्षेत्र हैं।'

राजस्थान ब्लॉक में केयर्न इंडिया की 70 प्रतिशत, जबकि ओएनजीसी की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आरजे-आन 90/1 का बिस्तार बाड़मेर के पश्चिम 3,111 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में है। केयर्न इंडिया के मुताबिक बाड़मेर ब्लॉक के पीएससी बिस्तार से 25 करोड़ बैरल के बराबर उत्पादन और होने लगेगा।

बीएस सूडोकू 2646 | परिणाम संख्या 2645

5	7			4				9
1	9		2		7			6
	6							3
		6		1	9			
			6		2			
			5	7		8		
2							5	
6			9		8		1	2
3				2			9	4

9	1	8	5	7	2	6	4	3
4	6	2	8	3	1	5	9	7
3	5	7	4	9	6	8	1	2
2	3	5	9	4	7	1	6	8
8	7	1	2	6	5	4	3	9
6	4	9	3	1	8	2	7	5
1	8	6	7	5	9	3	2	4
7	2	4	1	8	3	9	5	6
5	9	3	6	2	4	7	8	1

कैसे खेलें?
हर रो, कॉलम और 3 बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

मध्यम ★★★☆☆

दिवालिया कानून साल के अंत तक लागू होने की आस

भाषा
नई दिल्ली, 25 अक्टूबर

आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकांत दास ने आज उम्मीद जताई कि दिवालिया एवं शोधन अक्षमता कानून इस साल के अंत तक परिचालन में आ जाएगा। इससे कारोबार करने की स्थिति और सुगम हो सकेगी।

दास ने उद्योग संगठन एसोचैम के कार्यक्रम में कहा, 'दिवालिया कानून को लागू करने के लिए हमारे पास निश्चित रूपरेखा है। कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय इस पर काम कर रहा है। विधि मंत्रालय, विधायी विभाग भी इस नियमन को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में हमें उम्मीद है कि समूचा दिवालिया एवं शोधन अक्षमता कानून इस साल दिसंबर के अंत तक परिचालन में आ जाएगा।'

सरकार ने पहले ही भारतीय दिवालिया एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) की स्थापना की है और अंशधारकों के विचार लेने के लिए नियमों का मसौदा जारी किया है। नियमों के मसौदे पर अंशधारकों के विचार 31 अक्टूबर तक मांगे गए हैं।

ORTEL COMMUNICATIONS LIMITED

Registered Office: B7/122A, Safdarjung Enclave, New Delhi - 110029
Corporate Office: C-1, BDA Colony, Chandrasekharpur, Bhubaneswar, Odisha - 751016 Phone: 0674-3983200. Mail Id: ipo@ortelgroup.com
CIN: L74899DL1995PLC069353

Extracts of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year ended September 30, 2016

Rs. In lakhs

Particulars	Quarter Ended 30-Sep-16	Half Year Ended 30-Sep-16	Quarter Ended 30-Sep-15
	Unaudited	Unaudited	Unaudited
Total Income from Operations (Net)	5,372.87	10,614.54	4,578.79
Net Profit/(Loss) from Ordinary activities after tax (before extraordinary item)	254.27	340.20	283.11
Net Profit/(Loss) from Ordinary activities after tax(after extraordinary item)	254.27	340.20	283.11
Equity Share Capital	3036.54	3036.54	3036.54
Reserve (excluding Revaluation reserve as shown in the Balance Sheet of previous year			
Earning Per Share (EPS) (before and after extraordinary item) of Rs. 10/- each:			
a) Basic	*0.84	*1.12	*0.93
b) Diluted	*0.83	*1.12	*0.93

* Not Annualised

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of the standalone financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said standalone financial results are available on Stock Exchange Websites (www.bseindia.com/ www.nseindia.com) and Company's website: www.ortelcom.com
2. The above result have been subject to "Limited Review" by Auditors of the Company and have been reviewed and recommended by Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 25 October 2016.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Bhubaneswar
Date : 25.10.2016

Sd/-
Managing Director

क्षेत्रीय मंडियों के भाव

दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

दिल्ली

अनाज : गेहूं म.प्र. (देशी) 2340-2875, गेहूं दड़ा फ्लोर मिल 1900-1905, चक्की आटा (डिलिवरी) 1910-1915 (90 किलो), आटा राजधानी (10 किग्रा) 275, शक्तिभोग (10 किग्रा) 275, रोलर फ्लोर मिल 1010-1015 (50 किग्रा), मैदा 1100-1110 (50 किग्रा) और सूजी 1210-1215 (50 किग्रा), बासमती चावल लाल किला 10700, श्रीलाल महल 11300, सूपर बासमती चावल 9700, बासमती कॉमन नई 5200-5300, चावल पूसा (1121) 4400-5300, परमल कच्चा 2050-2075, परमल वैन्ड 2150-2200, सेला 2800-2900 और चावल आईआर-आठ 1850-1860, बाजरा 1300-1305, ज्वार पीला 1750-1800, सफेद 3400-3600, मक्का 1510-1510, जौ 1630-1635,

दलहन : उड़द 7450-9050, उड़द छिलका स्थानीय 7900-8000, उड़द सर्वोत्तम 8000-8500, धोया 8400-8700, मूंग 5400-6000, दाल मूंग छिलका (स्थानीय) 5900-6200, मूंग धोया स्थानीय 6500-7000 और बेहतरीन क्वालिटी 7000-7200, मसूर छोटी 5500-5700, बोल्ड 5550-5750, दाल मसूर स्थानीय 5950-6450, बेहतरीन क्वालिटी 6050-6550, मलका स्थानीय 6400-6900, बेहतरीन 6500-7000, मोंठ 4200-4500,

कानपुर

गेहूं 1860/1865, जौ 1625/1630, चावल मसूरी 2050/2150, चावल मोटा 1950/2000, सरसों 4250/4350, तिल सफेद 6100/6200, सोया (टीन) 1050/1090, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन)1460/1570, सरसों खल 2400/2425, पामोलिन 1040/1050, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1015/1025, अलसी खल 3250/3375,

लखनऊ

अनाज एवं दाल-दलहनः गेहूं दड़ा 1900/1910, गेहूं शरबती 2650/2800, चावल सेला शरबती 2800/3025, लालमती 2350/2400, चावल (सोना) 2075/2140

चंदौसी

(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 980, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.) 1100, फ्लैक 1050, डीएमओ 730, टरपीन लैस बोल्ड 1120 गुड़ (40 किलो): चाकू 1050/1170, खुरपा 1050/1100, लड्डू 1100/1200, रसकट ×, शक्कर 1300/1325, चीनी मिल डिली. (क्विं.) (उत्पादन कर सहित): शामली 3825, टिकोला 3800, अफजलगढ़ 3800, धामपुर 3825, चीनी हाजिर 3900/3950

हापुड़

गुड़-चीनी: चीनी हाजिर 3850/3950, गुड़ (प्रति क्विं.) बाल्टी 2600/2700, तिलहनः सरसों (42 प्रतिशत कंडी.) 4700, खलः सरसों 2550/2700, बिनौला 2700/2850, चना छिलका 2500/2550, चोकर मोटा (34 किलो) 580

जयपुर

अनाजः चावल डीबी 5000/5100, गेहूं (मिल) 1805/1810, मक्की 1600/1610, बाजरा 1250/1300, जौ 1680, ग्वार लूज 3300/3450, ज्वार कैटलफीड 2350/2450, ज्वार बेस्ट क्वालिटी 3400/3425, तेल-तिलहनः सरसों 4700, सरसों एक्सपेलर निवाई 8700, कोल्हू कच्ची घानी टोंक 9275, राइसब्रान डिऑयल्ड कंटीन्यूअस ×, बिनौला खल जयपुर 2925/2975, आदिलाबाद 2900/2950, खामगांव 2925/2980, खंडवा 2925/2975, डीओसी (टन): सरसों जयपुर 18900, कोटा 18900, अलवर 18900, निवाई 18900

श्रीगंगानगर

गेहूं (पैड) 1750/1780, ग्वार (ढेरी) 3215, जौ (पेड) 1440/1445, सरसों लूज 4025/4050, बिनौला खल नई 2550/2950

जोधपुर

गेहूं 1810/1815, जौ 1660/1710, पोपकोन मक्की 4900/5000, ग्वार डिलीवरी (ऑलपेड)3500/3600, ग्वारगम 6500/6600,

रवन्ना

कर रहित (प्रति क्विं): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट) 105, राइसब्रान (अखाद्य) 103, खल सरसों 2375, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 1170, लाल 1000, कंटीन्यूअस 1190, सरसों (टन) 21000, सूरजमुखी (टन) 19800/20000,

फाजिल्का

सरसों 4280/4320, रुई (प्रति मन): (जे-34)2375/2425, कपास देशी 1740/1750, कपास नरमा (क्विं.) 5000/5150, बिनौला (टैक्सपेड): खल 2700/2800, जे-34 (चिलकी) 3000/3050 *भाषा/एनएनएस*